हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026

06 स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 841 गर्भवती महिलाओं...



07 एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा 12वीं...






### 5 परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील, प्रशासन ने नकल रोकने बनाया जीरो टॉलरेंस प्लान

# बोर्ड परीक्षा आज से, 101 केंद्रों पर 38 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे

परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होने जा रही हैं। जिले में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष सीहोर जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 5 केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। वार्षिक परीक्षाओं में 38 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल, उडऩदस्ते और सतत निगरानी की व्यवस्था रहेगी। वहीं सामान्य केंद्रों पर भी कलेक्टर के निर्देशानुसार कड़ी सतर्कता बरती जाएगी। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर बैठने, पेयजल और प्राथमिक स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से पहले केंद्र पहुंचने की अपील की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके. जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग समन्वय के साथ परीक्षा अवधि के दौरान अलर्ट मोड में रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी, वहीं उडऩदस्ते अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिलेभर में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में हलचल तेज है। प्रशासन की कोशिश है कि परीक्षाएं बिना विवाद व व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हों।


फाइल फोटो

#### परीक्षार्थियों में तनाव तो अभिभावक भी चिंतित

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही हैं। परीक्षा की तारीख नजदीक आते ही जहां छात्रों में तनाव साफ दिखाई देने लगा है, वहीं अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है। परीक्षा से पहले के अंतिम दिनों में छात्र रीविजन और मॉडल पेपर हल करने में जुटे हैं, लेकिन समय की कमी और अच्छे परिणाम का दबाव उन पर साफ झलक रहा है. कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य शर्मा का कहना है, तैयारी अच्छी है, लेकिन परीक्षा पास आते ही घबराहट बढ़ जाती है। बस यही कोशिश है कि तनाव को खुद पर हावी न होने दूं। वहीं 10वीं की छात्रा नेहा मालवीय ने बताया, पूरा साल पढ़ाई की है, लेकिन आखिरी समय में हर विषय को दोहराने का दबाव रहता है. घरवालों का सहयोग बहुत जरूरी है। अभिभावक भी बच्चों के भविष्य को लेकर खासे चिंतित नजर आ रहे हैं. एक अभिभावक रमेश यादव ने कहा, बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए बहुत अहम होती हैं हम चाहते हैं कि बच्चे बिना तनाव के परीक्षा दें, इसलिए उन पर ज्यादा दबाव नहीं डाल रहे हैं दूसरे अभिभावक सावित्री बाई का कहना है, बच्चों की नींद और सेहत का भी ध्यान रखना जरूरी है। परीक्षा के डर से वे खुद पर बहुत दबाव बना लेते हैं।

#### सख्त निर्देश- नकल पर जीरो टॉलरेंस

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि नकल या अनुचित साधनों का उपयोग करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष के साथ ही पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन जांच होगी.इस बार भी परीक्षा के दौरान पेपर लीक जैसी अफवाहें रोकने के लिए प्रशासन द्वारा निगरानी की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सेंटर पर सिर्फ कलेक्टर प्रतिनिधि को ही इसमें छूट रहेगी. एग्जाम के दौरान सेंटर में सीएस से लेकर एग्जामिनर को भी मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंधित के साथ सभी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को प्रतिबंधित किया गया है।

#### थाने से ही शुरू होगी निगरानी

परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी मोबाइल पर मंडल का एप डाउनलोड करेंगे। एप से पुलिस थाने से प्रश्न-पत्र के निकलने की एंट्री, केंद्रों पर प्रश्न-पत्र खोलने और वितरण के साथ परीक्षा खत्म होने के बाद बंडल बनाने और मूल्यांकन केंद्र पर परीक्षार्थी की कॉपी जमा करने तक की ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। इसी तरह प्रश्नपत्र के बंडल लोकेशन ट्रेस की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### आयुष विंग व स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर पर निशुल्क शिविर लगाया



**सीहोर।** सीहोर के आयुष विंग एवं स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर पर पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्था द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अर्थ (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर एवं अन्य गुदगत रोगों के 124 रोगियों का अनुभवी एवं विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर क्षार सूत्र पद्धति से निःशुल्क उपचार किया गया। इसके साथ ही औषधियां भी प्रदान की गईं। शिविर में डॉ आदित्य नेमा, डॉक्टर सुरेश ठाकुर, डॉक्टर रवीन्द्र पाटिल, डॉक्टर नीलिमा सिंह, डॉक्टर विवेक सिंह भदौरिया, डॉक्टर उमेश नागर, नीरज कुशवाहा, मधुरेश कुमार पनिका एवं कमलेश शाक्य उपस्थित थे।

## पहली बार छोटी 51 सदस्यीय जिला कांग्रेस कमेटी बनेगी

### पार्टी लाइन से बाहर जाने वालों पर कार्रवाई करेगी अनुशासन समिति




**सीहोर।** प्रदेश मुख्यालय इंदिरा भवन, भोपाल में रविवार को सीहोर जिले की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम एवं वार्ड पंचायत समितियों के गठन की कार्ययोजना तथा आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, आईसीसी सचिव संजय दत्त, संगठन महासचिव संजय कामले, जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण,प्रदेश महामंत्री शालेन्द्र पटेल, सिहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, विधानसभा प्रभारी एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जी के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या 51 से ज्यादा नही रहेगी एवं प्रत्येक जिले में अनुशासन समिति का गठबंधन किया जाएगा, जो भी कांग्रेस पार्टी के संविधान और अनुशासन का पालन नहीं करेगा उपयोग व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा सोशल मीडिया पर भी अनर्गल टिप्पणियाँ करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जयेगी।

सीहोर जिले के पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठबंधन के कार्यक्रम की भी बारिकी से समीक्षा की गई। नगर अध्यक्ष गण की नियक्ति मंडल अध्यक्षगणों की नियक्ति साहित ब्लॉक कांग्रेस समिति मोर्चा संगठन प्रवक्ता की नियुक्ति के संबंध में भी चर्चा की गई।

## कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर रोक लगाने के दिए निर्देश, अधिकारियों से कहा निगरानी रखें

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नरवाई जलाने वालों पर नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है। नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए कृषि, उद्यानिकी, राजस्व तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लगातार निगरानी रखी जा सके और समय पर कार्रवाई हो सके।



**सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा :** बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का तय समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत 15 फरवरी से क्लस्टर स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए और अधिक से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाए। अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा, कलेक्टर ने प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना का लाभ सभी पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को समग्र ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड निर्माण तथा प्रसूता महिलाओं को डीबीटी लाभ देने के लिए ई-केवाईसी के विशेष शिविर आयोजित करने को कहा।

कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को आवंटित बजट का समय पर और सही तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों से सभी पात्र किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं।

खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### वाहनों की रफ्तार पर लगना चाहिए लगाम, जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर रोक लगना मुश्किल

**सीहोर।** शहर में इन दिनों बाइक ही नहीं, चार पहिया वाहन भी तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। बाजार क्षेत्र में भी कई बार ऐसी स्थिति बनती है। हर रात इंदौर नाका से चौपाल सागर रोड तक चार पहिया वाहन तेज गति से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले इसी रोड पर एक हादसा हुआ था। एक युवक की जान चली गई थी। बाजार में बाइक सवार भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। ऐसे में टक्कर होने पर बचना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यातायात पुलिस को ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती करनी चाहिए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर रोक लगना मुश्किल है। कई बाइक में तेज आवाज वाले उपकरण लगाए गए हैं। इन पर भी पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। यह समस्या बढ़ रही है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी कार्यकर्ता दें अपना अमूल्य योगदान : अजय जामवाल

### भाजपा की डबल इंजन सरकर समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार के सीहोर जिला कार्यालय में कामकाजी बैठक, जनप्रतिनिधियों की बैठक और जिला कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कार्य रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार हर समाज वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश को विकसित बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। कामकाजी बैठक को संभाग प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर प्रदेश शासन के मंत्री करणसिंह वर्मा, विधायक रमाकांत भार्गव, जिला प्रभारी विकास विरानी, विधायक सुदेश राय एवं गोपाल इंजीनियर उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने स्वागत भाषण में समस्त अतिथियों का स्वागत किया व क्षेत्रीय संगठन मंत्री को सीहोर जिले के भाजपा संगठन की संरचना की जानकारी भी प्रस्तुत की। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मेवाड़ा ने कहा कि हमें पूरे जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। जिला प्रभारी विकास विरानी ने अपने संबोधन में भाजपा के प्रत्येक सक्रिय कार्यकर्ता को जिम्मेदारियां मिले इस विषय पर ध्यान रखने हेतु कहा । तत्पश्चात संभाग प्रभारी डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान ने एसआईआर विषय की समीक्षा करने के साथ ही आजीवन सहयोग निधि व आगामी कार्यक्रमों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने कहा कि जिले के सभी पार्टी पदाधिकरी मंडल और शक्ति केंद्रों तक प्रवास करें और कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग के लोगों कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। आप सभी पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर तक संपर्क कर भाजपा की डबल इंजन सरकार की हितग्राही मूलक और जनकल्याणकरी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं और पात्र हितग्रहियों को लाभ दिलाने के लिए कार्य करें।

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता किशन पचौरी के निवास पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने किशन पचौरी के साथ लोकेंद्र मेवाड़ा व अन्य वरिष्ठों से मुलाकात कर उनके अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री, नगरपालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान की रथयात्रा

## प्राचीन जगदीश मंदिर में धर्मशाला के लिए बनवाया तीन हजार स्क्वायर फीट का टीन शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। वहीं प्राचीन जगदीश मंदिर में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है। मंदिर परिसर में करीब तीन हजार से अधिक स्क्वायर फीट में टीन शेड का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मंदिर की साफ-सफाई का तेजी से कार्य किया जा रहा है। चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर ने बताया कि मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों को लिए टीन शेड का निर्माण किया गया है। इसके अलावा हर साल कांवड यात्रा और रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। समाजजनों ने निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस वर्ष पूर्ण आस्था और उत्साह के साथ जगदीश मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसके लिए भव्य रथ का निर्माण किया जाएगा। नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी से मंडी तक करीब तीन-चार किलोमीटर मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस वर्ष रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी।



इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज की ओर से शिव परमार मुरली, जेपी परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि भव्य आयोजन को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार, मंडलोई चंदर सिंह, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल आदि के मार्गदर्शन में तेजी से मंदिर में निर्माण कार्य किए जा रहे है। आगामी दिनों में पौधा रोपण आदि भी किया जाएगा। सोमवार को मंदिर परिसर में चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर, अनार सिंह परमार, हरीश परमार, मनोहर परमार, भगवान सिंह परमार, अर्जुन, गजराज, मुकेश पटेल, देवनारायण, महेन्द्र सहित अन्य ने निर्माण कार्य का जायजा लिया।

## उत्तरी हवा ने बढ़ाई ठिठुरन: पारा 12 डिग्री, फिर भी कड़ाके की ठंड, सुबह सर्दी तो दोपहर में लग रही गर्मी

**सीहोर।** जिले में सोमवार न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते चार दिनों से पारा 11 से 12 डिग्री के आसपास स्थिर बना हुआ है। इसके बावजूद उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है।



#### दूसरे सप्ताह में बदला मौसम का मिजाज

फरवरी का दूसरा सप्ताह पहले सप्ताह से बिल्कुल अलग है। पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा था, वहीं अब आसमान साफ है और बादल छंट गए हैं। आज सुबह ठंड का असर रहा, लेकिन 9 बजे तक धूप तेज होने से लोगों को राहत मिली। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस की जा रही है। कल भी लोगों ने दिन में गर्मी महसूस की थी।

#### बीते दिनों का तापमान

5 फरवरी: 12 डिग्री सेल्सियस
6 फरवरी: 10 डिग्री सेल्सियस
7 फरवरी: 12 डिग्री सेल्सियस
8 फरवरी: 11 डिग्री सेल्सियस
9 फरवरी: 11 डिग्री सेल्सियस
10 फरवरी: 12 डिग्री सेल्सियस

#### दिखा मौसम विभाग का गुब्बारा

सोमवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम विभाग का हॉट बैलून (गुब्बारा) भी देखा गया। मौसम विभाग इसका उपयोग मौसम के पूर्वानुमान और आंकड़े जुटाने के लिए करता है।

## खबर संक्षेप

### कृष्णा ब्लास्टर ने साइबेरियन पैंथर को चार विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर क्रिसेंट रेसीडेंसी ग्रुप के तत्वाधान में स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में आयोजित एसपीएल-7 में रविवार को फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। इस रोमांचक मुकाबले में कृष्णा ब्लास्टर टीम को अंतिम ओवर में 11 रन चाहिए थे, ऐसे मौके पर नासिर ने दो छक्के लगाकर अपनी टीम को विषम परिस्थिति में जीत दिलाई। मैच के अंत में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आशीष गोयल, सुरेन्द्र रल्हन, भारत गुप्ता, अतुल जैन, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, अनिल राय, मनोज दीक्षित मामा, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, मदन कुशवाहा, वरुण शर्मा, अभिषेक परसाई और सुनील जलोदिया आदि ने पुरस्कार वितरण किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए साइबेरियन पैंथर ने सात विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 163 रन बनाए थे। इसमें गौरव पिचोनिया ने 45 रन, मोहनिश त्रिवेदी ने 14 रन, कमलेश पारोचे ने 34 रन, अतुल कुशवाहा ने 27 रन और अमन ने 12 रन की पारी खेली।

### आरोपी निकला सगा मामा, डर के साए में गढ़ी गई थी दो युवकों की कहानी

# घर का भेदी निकला दुष्कर्म का आरोपी 48 घंटों में पुलिस ने किया खुलासा

**दुष्कर्म के नाम पर रचा गया झूठा अपहरण का मामला, बाल अपचारी गिरफ्तार, किशोर न्यायालय के आदेश पर भोपाल बालगृह भेजा गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




भैरुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम दिमावर में 10 वर्षीय नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर पूरी कहानी पलट देने वाला खुलासा कर दिया। शुरुआती तौर पर जिस मामले को अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म से जोड़ा गया था, वह गहन जांच के बाद झूठा निकला। पुलिस विवेचना में सामने आया कि इस जघन्य वारदात का आरोपी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़िता का नाबालिग सगा मामा ही है, जिसने डर और दबाव बनाकर घटना को अपहरण का रूप देने की साजिश रची थी।

घटना के बाद परिजनों की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि दो अज्ञात युवकों ने बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी आधार पर भैरुंदा थाना पुलिस ने अपहरण व सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। मामला अत्यंत संवेदनशील होने के कारण पुलिस ने तकनीकी, भौतिक और मानवीय हर पहलू से विवेचना की।

#### बयानों में विरोधाभास से खुली परतें

जांच के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता व उसके परिजनों के बयानों में लगातार विरोधाभास सामने आने लगे। इन तथ्यों ने पुलिस को संदेह में डाल दिया। इसके बाद महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा बालिका से सुरक्षित, शांत और भरोसेमंद माहौल में दोबारा बातचीत की गई, जहां से पूरे मामले की असल सच्चाई सामने आई।

#### डर और दबाव में गढ़ी गई झूठी कहानी

पीड़िता ने बताया कि 4 फरवरी को उसका परिवार दूसरे जिले से मजदूरी कर घर लौटने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान उसका मामा अलग अपने घर जाने वाला था। उसने बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और डराकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब परिजन उसकी तलाश करने लगे, तो आरोपी ने दबाव बनाकर उससे यह झूठा बयान दिलवाया कि दो अज्ञात युवकों ने उसका अपहरण किया है।

**पहले भी करता रहा था कृत्य :** सच्चाई सामने आते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने न केवल इस घटना को स्वीकार किया, बल्कि पहले भी बालिका के साथ इस तरह की हरकत किए जाने की बात कबूल की, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

#### किशोर न्यायालय से बालगृह भेजा गया

बाल अपचारी को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत माननीय किशोर न्यायालय सीहोर में पेश किया गया, जहां से उसे भोपाल स्थित बालगृह भेजने के आदेश दिए गए। विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की धाराएं पृथक कर अन्य सुसंगत धाराओं में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में संवेदनशील जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। टीम की सतर्कता और संवेदनशीलता से समय रहते पूरे मामले का खुलासा संभव हो सका।

इनकी रही अहम भूमिका


कार्रवाई में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, लोकेश सोलंकी, कौशलेन्द्र सिंह बघेल, लवेश मालवीय, राजेश यादव, सउनि रामकृष्ण गौर सहित महिला व पुरुष पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### गांवों में सड़कों की खुदाई के पश्चात अनिवार्य रूप से की जाए मरम्मतः कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने तहसीलवार एवं अनुभागवार राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली, आरसीएमएस, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फार्मर रजिस्ट्री सहित सभी राजस्व कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे तथा सभी अधिकारी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा राजस्व संबंधी कार्यों के निराकरण के लिए अधिकारी अपने बाबू के भरोसे न रहें, बल्कि स्वयं संज्ञान में लेते हुए प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के निराकरण एवं दावे-आपत्तियों के निपटारे को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। कलेक्टर बालागुरू के. ने सीमांकन एवं नामांतरण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े इन कार्यों में लापरवाही स्वीकार्य नहीं है तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही उन्होंने राजस्व वसूली में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने विकास कार्यों के दौरान गांवों की सड़कों की खुदाई के पश्चात उनकी मरम्मत अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाने तथा खाद की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निचले स्तर के कर्मचारियों के कार्य निर्धारित कर उनकी ड्यूटी लगाने को भी कहा। बैठक में रेलवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजनाओं का कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही परियोजनाओं में आने वाली भूमि के किसानों के हितों को ध्यान में रखा जाए और किसानों को उनकी भूमि का पूर्ण और उचित मुआवजा समय पर प्रदान किया जाए। उन्होंने गिरदावरी कार्य में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि खेतों की वास्तविक स्थिति के आधार पर ही फसलों की शुद्ध, प्रमाणिक एवं त्रुटिरहित प्रविष्टियां दर्ज की जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, एसएलआर विजय सराठिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### 48 महाअर्घों के साथ भक्तामर विधान संपन्न बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे



**सीहोर।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, संत भवन में मुनिश्री विनंद सागर महाराज ससंघ विराजमान हैं। उनके सानिध्य में श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। सुबह भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का विधिवत अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके बाद संगीतमय पूजन-अर्चना हुई। भक्तामर महामंडल विधान में श्रद्धालुओं ने 48 महाअर्घ समर्पित किए।

दोपहर में स्वाध्याय और धार्मिक शिक्षण कक्षा का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने जैन दर्शन और धर्म तत्वों का अध्ययन कर आध्यात्मिक लाभ लिया।

## स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 841 गर्भवती महिलाओं की जांच



**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 9 फरवरी को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 841 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 203 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ श्री सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच के लिये निशुल्क पिक अप एवं ड्राप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है।

## किराना व्यापारी महासंघ का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




किराना व्यापारी संगठन ने अपना वार्षिक मिलन समारोह शहर के निजी गार्डन में मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल आदि ने यहां पर उपस्थित व्यापारियों को संबोधित किया और संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल राजा सेठ और राजेन्द्र अग्रवाल का सम्मान किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहाकि किराना व्यापारी हमारी आर्थिक रीढ़ की हड्डी है। इस दौरान मंच पर सभी व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय दिया। साथ में तीन ऐसे व्यापारी जिन्होंने पूरे जिले में अपना नाम रोशन किया गया उन्हें भी सम्मानित किया गया विपुल चांडक अतुल जैन, प्रदीप कौशल शामिल थे। इस कार्यक्रम के दौरान अविरल गो सेवा संस्थान द्वारा गाय के गोबर से बनाए गए दीपक धूप बत्ती को भी लांच किया गया एवं उसके संचालक प्रदीप मिश्रा को भी सम्मानित किया गया पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किराना संगठन सचिव अर्पित जैन ने आभार व्यक्त किया।

## शासकीय कॉलेज भैरूंदा में 30 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण का समापन

**स्वरोजगार की राह पर बढ़े विद्यार्थी, तकनीकी दक्षता के साथ योग-फिटनेस का मिला प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




स्थानीय शासकीय स्नातक महाविद्यालय भैरूंदा में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में एक और सार्थक पहल करते हुए 30 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। यह कार्यशाला 31 दिसंबर से 29 जनवरी तक महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक, तकनीकी और स्वरोजगार से जुड़े कौशलों से जोड़ना रहा। प्रशिक्षण के दौरान बीपीओ आधारित कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ फिटनेस एवं योग का अभ्यास भी कराया गया, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। समापन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एस. मीणा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है। बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तकनीकी ज्ञान, सॉफ्ट स्किल्स और व्यावहारिक अनुभव अनिवार्य हो गया है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होते हैं। डॉ. मीणा ने बताया कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें बेहतर करियर विकल्प उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से प्रशिक्षण में अर्जित कौशलों को व्यवहार में लाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी अक्षय पंवार सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यशाला को उपयोगी, प्रेरणादायक और भविष्य के लिए मार्गदर्शक बताया। समारोह के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रभारी डॉ. सुजीता गौड़ ने आभार व्यक्त किया। समापन के साथ ही विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर बनने का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### सेवा भारती के संस्कार केंद्रों के 180 बच्चों को खेल सामग्री का वितरण

# स्व. द्वारका प्रसाद अग्रवाल की पुण्यतिथि पर सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सेवा भारती के तत्वावधान में समाजसेवी एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रहे स्वर्गीय द्वारका प्रसाद अग्रवाल की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर भैरूंदा नगर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के चार संस्कार केंद्रों में अध्ययनरत लगभग 180 बच्चों को खेल सामग्री वितरित की गई।

खेल सामग्री वितरण युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें संस्कारों एवं सामाजिक मूल्यों का संवर्धन करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल्यकाल से ही अच्छे संस्कारों का बीजारोपण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही संस्कार आगे चलकर बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सेवा भारती द्वारा संचालित सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम में सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, पारस वर्मा, राकेश वर्मा सहित नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर ने अपने उद्बोधन में स्वर्गीय द्वारका प्रसाद अग्रवाल के जीवन, उनके सामाजिक योगदान और उनसे प्राप्त मार्गदर्शन पर प्रकाश डालते हुए समाज सेवा के महत्व को रेखांकित किया। पुण्यतिथि के अवसर पर अतिथियों द्वारा स्व. द्वारका प्रसाद अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के दौरान संस्कार केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों ने सांस्कृतिक एवं संस्कारपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन ऋषिका श्रुति ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन बसंत अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती नगर उपाध्यक्ष राधिका जेमिनी, संस्कार केंद्र संचालिका पूजा बैरागी, अखिलेश अग्रवाल, सुनीता पवार, शीतल अग्रवाल, रानी वर्मा, बबली शर्मा सहित बड़ी संख्या में सेवा भारती कार्यकर्ता, अभिभावक एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और उपस्थित जनों ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## कोतवाली चौराहे से उर्स कमेटी निकालेगी जुलूस, चढ़ाएगी चादर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





ताजिए अखाड़ा और सवारी निकालने वालों को पहली बार दूल्हा बादशाह दरगाह उर्स कमेटी में सम्मिलित किया गया। कोतवाली चौराहा से मेन रोड होते हुए उर्स कमेटी के द्वारा चादर चढ़ाकर जुलूस बैंडबाजों व ढोल धमाकों के साथ निकाला जाएगा।

सर्वधर्म हिंदू मुस्लिम हजरत दुल्हाबाद बाबा दरगाह कमेटी उर्स को लेकर सक्रिय बनी हुई है। तीन दिवसीय उर्स कव्वाली प्रोग्राम के मुख्य अतिथि शहर के वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय विशेष अतिथि ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के शमशुल हसन बल्ली और समाजसेवी नफीस बाबा रहेंगे। दरगाह परिसर में रविवार को दरगाह कॉमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान की अध्यक्षता में उर्स कमेटी के अध्यक्ष नौशाद खान के मुख्य अतिथि में बैठक का आयोजन किया गया। उर्स मुबारक के लिए रखी गई बैठक में साउंड लाइट डेकोरेशन पेयजल व्यवस्था नागरिकों की बैठक व्यवस्था सूफियों का स्टेज, पुलिस व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से रफीक शाह, सेवा यादव, महमूद अली, अनवर बाबा, हाजी मुख्तार पठान,मुन्ना मियां,पप्पू अग्रवाल, रईस, चुम्मू बाबा, अन्नू, मुन्ना, अन्नू चौधरी, अमान खान, शेखू बाबा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

पूर्व से स्वीकृत है 400 करोड़ का बजट, लेकिन सिर्फ स्वीकृति का इंतेजार

# भोपाल से स्वीकृत होकर दिल्ली में अटकी राजगढ़ बाइपास की फाइलें



आमजनों, सभी दलों की सहमति से दो रूटों के प्रस्ताव जा चुके हैं राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे जो प्रदेश सहित केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद राजगढ़ मुख्यालय पर ही राजगढ़ बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर फाईलों में दबी हुई है। आलम यह है कि राजगढ़ जिले की तहसीलों एवं ब्लॉकों में बाईपास के निर्माण हो चुके हैं लेकिन राजगढ़ मुख्यालय पर बाईपास निर्माण की प्रक्रिया महज कुछ स्वीकृतियों के लिए अटकी हुई है।

आपको बतादें कि वर्तमान में राजगढ़ का बाईपास नगर की सीमा से होकर गुजरता है। ऐसे में हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाही से नगरीय सीमा में अमूमन प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं। साल 2016 में ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हुए हाईवे के दोहरीकरण के समय भी एनएच(पीडल्यूडी) के जिम्मेदारों ने इस ओर विचार नहीं किया।

### 15 किमी के बाईपास हेतु 400 करोड़ हो चुके स्वीकृत

राजगढ़ मुख्यालय पर 400 करोड़ रुपए लागत वाले बाईपास निर्माण के प्रारंभिक चरण में तीन रूटों पर विचार किया गया था। पहला रूट खोयरी महादेव के ऊपरी क्षेत्र से होना प्रस्तावित हुआ था लेकिन 80 फीसदी वनक्षेत्र के चलते इस रूट को पूरी तरह खारिज कर दिया गया। बाद में बाईपास निर्माण के लिए दो रूट प्रस्तावित किए गए। इन दो रूटों पर आमजनों, सभी दलों के जनप्रतिनिधियों की सहमति एनएच(पीडल्यूडी) के अधिकारियों द्वारा ली गई। इसके बाद दोनों रूटों में से किसी एक रूट पर बाईपास निर्माण की फाईल भोपाल पहुंचने के उपरान्त राजधानी नई-दिल्ली भिजवा दी गई।

### 2024 में दो रूटों पर बनी थी सहमति

लेकिन, सितंबर 2024 से उक्त दोनों रूटों में से किसी एक की स्वीकृति के लिए फाईलें दिल्ली में पड़ी हुई धूल खा रही हैं। न तो जनप्रतिनिधि और न ही पीडल्यूडी(एनएच) के अधिकारियों द्वारा इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, भोपाल स्तर से रिमाइंडर करवाए गए हैं लेकिन उनका कोई सकारात्मक फल आज पर्यंन्त तक नजर नहीं आया है।

### इन दोनों में से किसी एक पर बनना है बाईपास

राजगढ़ बाईपास निर्माण के लिए तीन रूट पर विचार हुआ था जिनमें से खोयरी महादेव के पीछे वाला रूट पूरी तरह से निरस्त हो चुका था। बाकि बचे दो रूटों में से किसी एक के फाईनल होने की स्वीकृति होना बाकी हैं इनमें एक रूट 9.5 किमी लंबा है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुरा, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं दूसरा रूट 15 किमी के लंगभग लंबा है जो रामपुरा, कालीतलाई, मदापुरा, पीपल्या, पाटन, गोवर्धनपुरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, फतेजपुर, जोगीपुरा का है।

### खास-खास

परियोजनाः राजगढ़ बाईपास निर्माण
विभागः पीडल्यूडी(एनएच)
लागतः 400 करोड़
कितने रूट प्रस्तावितः 02 रूट
किमीः 9.5 एवं 15 किमी के दो रूट प्रस्तावित
कहां अटकाः राजधानी दिल्ली

### इनका कहना है

कुछ तकनीकी कारणों से मामला पेडिंग है। एक बार पुनः दिल्ली जाकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराता हूं।

- रोडमल नागर, सांसद, लोकसभा, राजगढ़

# 3 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, फरियादी लगा रहा चक्कर

विधायक ओर एसपी को शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई,अब ऐसे में कैसे मिलेगा न्याय।




हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

आए दिन सूदखोरी के मामले समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाते हैं, जिनमें लिये गये मूलधन राशि पर जरूरत मंद व्यक्ति से लिखा-पढ़ी तो दो रूपया सैकड़ा ब्याज दर पर सूदखोर करवाता है लेकिन जरूरत मंद व्यक्ति से वसूलता दस प्रतिशत की ब्याज दर पर है। यही नहीं मूलधन रूपया देते समय एक महीने का ब्याज पहले ही काट कर जरूरत मंद व्यक्ति को रूपया देता है।

जरूरतमंद व्यक्ति को जरूरत होने से वह व्यक्ति इस बात का विरोध भी नहीं करता ओर अपनी जरूरत पूर्ति हेतु सूदखोर से रूपया ले जाता है। जरूरत के समय लिया गया रूपया जरूरत मंद व्यक्ति के लिये बोझ बन जाता है ओर फिर किस्सा शुरू होता है ब्याज पर ब्याज लेने का। जरूरतमंद व्यक्ति उन पैसों को चुकाते -चुकाते अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है दो गुना , तिगुना रूपया देने के बाद भी वह रूपया नहीं चुका पाता। न्याय के लिये पुलिस थाने में गुहार भी लगाता लेकिन सूदखोर के दबदबे के कारण उचित सुनवाई नहीं होती बस व्यक्ति चक्कर लगाता रहता है।

ऐसा ही एक मामला रघुनंदन शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा निवासी दुर्गपुरा का देखने को मिला जिसमें रघुनंदन शर्मा ने बताया कि उसके माता-पिता के एक्सीडेंट होने पर इलाज हेतु बीरम पिता हरिसिंह तंवर निवासी पुरा खाजला से 1 लाख रूपया लिया था। रूपया देते समय ही बीरम ने ब्याज के दस हजार रूपया काट कर 90 हजार रूपये दिये थे,जो रघुनंदन शर्मा को बारह महीने में बीरम तंवर को 10 प्रतिशत के ब्याज से 2 लाख बीस हजार रुपए देने थे।

जिसमें रघुनंदन शर्मा ने 5 महीने बाद पचास हजार रूपया बीरम तंवर को दे दिये ओर एक लाख सत्तर हजार रूपया लगभग आधा फागन की अमावस पर 1 लाख 70 हजार रूपया बीरम तंवर के घर जाकर दे दिये ।लिखा-पढ़ी का स्टाम्प जो2 प्रति शत के ब्याज से लिखवाया था वो वापस नहीं दिया।

बीरम तंवर ने कहा कि खिलचीपुर कमरे पर रखा है। जिसे एक दो दिन में वापस दे दूंगा लेकिन दो तीन महीने बीतने बाद भी नहीं दिया। रघुनंदन शर्मा ने मीडिया को बताया कि साहब मेने बीरम तंवर को पूरा रूपया जिस प्रकार हमारी बात थी दे दिया है, मुझे तीन माह बीतने पर भी लिखा-पढ़ी का स्टाम्प नहीं दिया।

उसी लिखा-पढ़ी को बताकर मुझसे मेरी गाड़ी 23/08/25 को मेरी गाड़ी मारूति में मण्डी के पास सांवरिया कम्प्यूटर पर बैठा तब बीरम तंवर आया ओर मुझसे रूपया मांगने लगा मेने बोला मेरे पिताजी ने आपका पूरा हिसाब कर तो दिया आपने अभी तक लिखा पड़ी स्टांप भी नहीं दिया। इतना ही कहने पर मुझे एक साइड ले जाकर बंदूक का कट्टा सिर पर लगाकर बीरम तंवर मुझसे गाड़ी की चाबी छुड़ाकर ले गया। जिसकी मेंने पुलिस थाने में रिपोर्ट की लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। खिलचीपुर थाने में मेने तीन बार आवेदन दे दिया एक बार तो थाने से आवेदन ही गुम हो गया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की ओर अभी तक एफआईआर भी नहीं की।

### जांच की जाएगी...

दोनों पक्षों को बुलाकर जांच कर दोषी पर एफआईआर की जावेगी।

**उमाशंकर मुकाती, थाना प्रभारी खिलचीपुर**

प्रशासन ने की शासकीय भूमि चिन्हांकन की कार्रवाई

# विधायक के निर्देश पर खेल मैदान निर्माण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में वर्षों से लंबित खेल मैदान की मांग अब साकार होती नजर आ रही है। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने नगर में खेल मैदान के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा शासकीय भूमि चिन्हित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय को निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे नगरवासियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि नगर के खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं युवा पिछले कई वर्षों से एक स्थायी खेल मैदान की मांग करते आ रहे थे, लेकिन अब तक स्थानीय प्रशासन और पूर्व जनप्रतिनिधि इस दिशा में ठोस पहल नहीं कर पाए थे। बीती 1 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मोहन शर्मा के समक्ष नगरवासियों ने मंच से खेल मैदान की मांग रखी थी। विधायक ने मौके पर ही मंचासीन अनुविभागीय अधिकारी सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी तथा नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी को नगर में खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विधायक शर्मा ने



जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भी सीधे चर्चा कर नगर के लिए खेल मैदान स्वीकृत कराने का आग्रह किया। विधायक की इस पहल का त्वरित परिणाम यह रहा कि जिला कलेक्टर कार्यालय से एसडीएम एवं नायब तहसीलदार को पत्र जारी कर एक माह के भीतर खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित कर सर्वे नंबर व नक्शा स्वीकृति की फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ियों का मानना है कि खेल मैदान के निर्माण से नगर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय कुरावर के क्रीड़ा शिक्षक प्रकाश सिंह तोमर ने कहा कि नगर में खेल मैदान की अत्यंत आवश्यकता है। इससे खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। पूर्व क्रिकेटर ओम शर्मा ने विधायक की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नए खेल मैदान के निर्माण से नगर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में बड़े स्तर के टूर्नामेंट आयोजित किए जा सकेंगे। वहीं, पूर्व क्रिकेटर हरीश सक्सेना ने कहा कि इस पहल से क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो जैसे खेलों को नई पहचान मिलेगी और नगर का नाम खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। खेल प्रेमी संतोष पटेल ने विधायक और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल मैदान बनने से युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगेगी और शासन की खेल प्रोत्साहन नीति को भी मजबूती मिलेगी। इस संबंध में नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी ने बताया कि इसलिए 1 फरवरी को सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के कार्यक्रम में विधायक ने खेल मैदान की जगह चिन्हित करने की बात कही थी एवं जिला कलेक्टर कार्यालय से खेल मैदान से संबंधित फाइल प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में शासकीय भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें लगभग एक माह का समय लगेगा।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई




हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

सीबीएसई एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा-12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन आध्यात्मिक , सकारात्मक रूप से की गई। रंगारंग प्रस्तुतियां कक्षा-11 व 12 के बच्चों द्वारा एकल गीत, समूह नृत्य किये। मनोरंजक खेलों भी रखें गये , जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा-12 के विद्यार्थी अजयपाल सिंह सोनगिरा, श्रद्धा बरेठा ने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किए, कार्यक्रम के दौरान उपहार एवं टाइटल वितरण तथा रैम्प वॉक भी आकर्षण का केंद्र रहे। रेम्प वॉक को देखकर मिस्टर एंड मिस एडवांस्ड का चयन भी किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय संचालक गिरिराज गुप्ता, प्राचार्य ई. के. जोशी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित

तीन सालों से मायके में रहने को मजबूर है पीड़िता

# दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




शहर के हाथीखाना निवासी 35 वर्षीय फरियादी महिला ने उसके पति के खिलाफ देहात प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित महिला के पति के खिलाफ मामला तेज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फरियादिया भावना पति संतोष मेवाड़ा ने बताया कि वह वर्तमान में अपनी मां के साथ मायके में रह रही है और घर का कामकाज करती है। उसकी शादी वर्ष 2016 में सामाजिक रीति-रिवाज से संतोष मेवाड़ा निवासी ग्राम भैसयानागिन, थाना कालापीपल, जिला शाजापुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा दहेज की मांग की जाने लगी। बीते करीब तीन वर्षों से दहेज को लेकर छोटी-छोटी बातों पर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर करीब तीन साल पहले वह अपने मायके आकर मां के साथ रहने लगी।फरियादी ने बताया कि 31 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12 बजे उसका पति उसके मायके आया और दहेज में सामान लाने की मांग करने लगा।

## रात में भी ठंड का असर, दिन में बढ़ा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

फरवरी माह में धीरे-धीरे ठंड का असर कम होता जा रहा है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं रात में अब भी हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली, लेकिन रात के समय ठंडी हवा के कारण ठंड का असर बना हुआ है। सुबह और देर रात हल्की सर्दी के चलते लोग अब भी गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे ठंड का असर और कम होगा। फरवरी के आगे बढ़ने के साथ मौसम में बदलाव साफ दिखाई देने लगा है।

## पंडित अमित शर्मा बने आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने आगामी 11 फरवरी को पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से शुरू होने वाले आजीवन सहयोग निधि के कार्यक्रम के आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी पंडित अमित शर्मा,सह प्रभारी पूर्व जिला मंत्री जगदीश नागर,जिला मंत्री हनुमान पाटीदार को नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से यहाँ अभियान चलाया जाएगा और सभी भाजपा जन प्रत्येक कार्यकर्ताओं के घर घर तक पहुंचे और उनकी आजीवन सहयोग निधि का संचय कर पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करें।और जिले में हम इस अभियान को सफल बनाएंगे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली में जा रहे सरिए दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के पुराने एबी रोड पर सरियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां में खुले रूप से सरियों का परिवहन करते हुए देखी जा सकती हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रित कर रही हैं। व्यस्त मार्ग होने के कारण इस सड़क पर दिनभर दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, फिर भी टैक्टर ट्राली में सरियों को बिना सुरक्षा उपायों से ले जाया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार सरिए ट्रॉली से बाहर निकले होने के कारण वाहन चालक संतुलन खोने की स्थिति में आ जाते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। दिन के साथ-साथ रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि अंधेरे में बाहर निकले सरिए साफ दिखाई नहीं देते, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नगरवासियों ने प्रशासन और यातायात विभाग से मांग की है कि ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और सरियों के परिवहन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी भी दिन गंभीर हादसा हो सकता है। फिलहाल जिम्मेदार विभाग की अनदेखी लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है।

## मंत्री पंवार ने 6 पंचायतों में दी 3 करोड़ 96 लाख की सौगात

# विकास, सेवा और समृद्धि के संकल्प के साथ ग्रामीणों को मिली अनेक सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का 6 ग्राम पंचायतों में विधिवत भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि हम खेती-किसानी से जुड़े लोग हैं और किसानों की जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई परियोजनाओं और कृषि अधोसंरचना योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय बढ़ी है और खेती लाभ का व्यवसाय बनी है।





### जैविक खेती को बढ़ावा दें

मंत्री पंवार ने जैविक खेती के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देशभर में प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे न केवल किसानों की लागत कम हो रही है, बल्कि स्वस्थ उत्पादन के साथ बाजार में बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है।

### शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा के स्तर में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा नए स्कूल भवनों का निर्माण, सांदीपनि स्कूल,अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएँ अपने गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं।

### डबल इंजन सरकार से चहुंमुखी विकास

मंत्री पंवार ने कहा कि ह्लडबल इंजन की सरकारह्व के कारण मध्य प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्ष 2003 से पूर्व कांग्रेस शासन में मध्य प्रदेश ह्लबीमा राज्यह्व की श्रेणी में चला गया था, लेकिन आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज मध्य प्रदेश देश के अग्रणी और तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है।

### जल परियोजनाओं से बदली क्षेत्र की तस्वीर

मंत्री पंवार ने जिले की बड़ी विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोहनपुरा डैम, कुंडालिया डैम, सुठालिया परियोजना और पार्वती परियोजना से क्षेत्र में जल उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ा, कृषि को मजबूती मिली, किसान समृद्ध हुआ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनी। इन परियोजनाओं से लोगों की आय और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।

## खबर संक्षेप

### अभियान को लेकर मेहतवाड़ा में हुई बैठक



**जावर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र मेहतवाड़ा में नव उल्लास साक्षरता भारत अक्षर साथी व प्रभारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संकुल केंद्र मेहतवाड़ा में रखा गया। जिसमें ब्लॉक समन्वयक अनिल कुमार श्रीवास्तव, गजराज सिंह राजपूत, संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक राजेंद्र सिंह ठाकुर, रामचरण लुहाना, गजराज सिंह बागवान, सुरेश राठौर ने बारी बारी से प्रशिक्षण दिया गया। उक्त जानकारी गोपाल सिंह ठाकुर ने दी।

### राजा भोज चौराहा पर हुआ स्वागत



**आष्टा।** भोपाल प्रस्थान के दौरान राजा भोज चौराहा आष्टा चौपाटी पर परमार समाज युवा संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अर्पण बिसेन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बसंत बिसेन, खीलेंद्र सिंह टेमरे सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत परमार समाज युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष देवराज परमार के नेतृत्व में किया। जिसमें मुख्य रूप से परमार नेमावर धर्मशाला व अधिवेशन राष्ट्रीय अधिवेशन के पूर्व अध्यक्ष राम नारायण, दिलीप सिंह, पूर्व सरपंच भंवरा, राष्ट्रीय सचिव ऐलम सिंह, राजेश सरपंच, राष्ट्रीय सचिव, कुंजी सिंह परमार शैलेंद्र परमार शंकर लाल अध्यक्ष चेयरमैन राधे परमार राजेश परमार प्रवीण परमार इत्यादि ने लोग उपस्थित रहे। वहीं परमार युवा संगठन के अध्यक्ष मानसिंह जी परमार ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी को परमार युवा संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। पदाधिकारी व युवा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया।

### ग्राम धर्मपुरी में विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# स्वास्थ्य केंद्र के साथ राजस्व ग्राम बनेगा धर्मपुरी गांव, योजनाओं का मिलेगा लाभ

ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के लिए की थी विधायक गोपाल इंजीनियर से मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



ग्राम पंचायत सिद्धिगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम धर्मपुरी के लोग रोड को लेकर कई वर्षों से मांग कर रहे थे। ग्राम धर्मपुरी में रोड को लेकर ग्रामीण काफी परेशान थे। ग्रामीण कई वर्षों से शासकीय अधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को कई वर्षों से आवेदन देते आ रहे हैं और रोड की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का कुछ महीना पहले फल फ्रूट व मिठाई से तोलादान किया गया था और क्षेत्र विधायक द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही सिद्धिगंज जोड़ से लेकर धर्मपुरी ग्राम तक जल्द ही पक्की सड़क बनवाई जाएगी। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि तोलादान के बाद हम ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र विधायक से मांग रखी गई कि हमारे ग्राम में रोड बनाया जाए व हम ग्रामीणों को शासन की भौतिक से सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके हम ग्रामीण शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित है हम ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

### सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

क्षेत्र विधायक गोपाल सिंहइंजीनियर द्वारा धर्मपुरी रोड का भूमि पूजन किया गया। रोड एक करोड़ 88 लख रुपए की लागत से बना है। वही क्षेत्र विधायक द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि ग्राम धर्मपुरी के ग्रामीणों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। जो भी वंचित है उन्हें जल्दी ही शासन की योजनाएं दी जाएगी। वहीं ग्राम धर्मपुरी में सामुदायिक भवन बनवाया जाएगा। वह नर्मदा परियोजना नल जल योजना का लाभ दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को हर घर नल कनेक्शन दिया जाएगा। ताकि ग्रामीण पीने पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। व ग्राम धर्मपुरी जो वन ग्राम है, उसे जल्द ही सर्वे करा कर राजस्व ग्राम में करवाया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके और जो किसान पट्टे से वंचित है उन्हें सर्वे कर पट्टे दिलवाले जाएंगे। जिससे लाभ मिल सके।

### मंदिर निर्माण के लिए दी राशि

ग्राम धर्मपुरी में हनुमान मंदिर निर्माण के लिए पचास हजार रुपए की राशि वास शीतला माता मंदिर में 50 हजार रुपए देने की घोषणा की गई वहीं क्षेत्र विधायक द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही ग्राम धरमपुरी के लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। वही ग्राम के सीताराम ,किसन लाल, जगदीश,संतोष,राहुल,लखन आदि ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र विधायक को बताया गया कि सब हमारे ग्राम बिजली के दो ट्रांसफार्मर है जिसमें से एक लगभग 2 वर्ष पहले जल गया था जिसमें बिजली विभाग में हम ग्रामीण द्वारा शिकायत की गई तब जाकर कुछ दिन पहले बिजली विभाग ट्रांसफार्मर निकाल कर ले गए जिसका अभी तक बिजली विभाग द्वारा ग्राम में ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया पूरा गांव एक ही ट्रांसफार्मर पर आश्रित है और आए दिन वहां भी लोड के कारण खराब हो जाता है जिसे सुधारने के लिए बिजली विभाग कई दिनों तक नहीं आते हैं जिससे हम ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ता है वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हमारे बच्चों की बोर्ड की परीक्षा शुरू होने वाली है और बिजली रहती नहीं है और रात में कीड़े मकोड़ा का डर बना रहता है बिजली विभाग हम ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार क्यों कर रहा है।



### धर्मपुरी में रखवाया ट्रांसफार्मर

वहीं क्षेत्र विधायक द्वारा ग्रामीणों की समस्या सुनी और तुरंत ही बिजली विभाग के अधिकारी ए ई आष्टा को फोन लगाया और तुरंत ही ग्राम धर्मपुरी में ट्रांसफार्मर रखना को बोला। वहीं क्षेत्र विधायक द्वारा बताया गया कि जल्द ही एक या दो दिन में आपके गांव में बिजली विभाग ट्रांसफार्मर रख देगी ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली मिल सके वही ग्रामीणों द्वारा ग्राम की विभिन्न समस्याएं बताई गई और क्षेत्र विधायक द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि जल्दी ही आपकी सभी समस्याएं दूर की जाएगी और शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### योजनाओं से नहीं रहेंगे वंचित

वहीं क्षेत्र विधायक द्वारा बताया गया कि ग्राम धर्मपुरी में इकदिवासी समस्या निराकरण का कैंप लगाया जाएगा जिससे सभी ग्रामीण अपनी समस्या आसानी से बता सकेंगे और सभी की समस्या का निराकरण किया जाएगा और जो भी शासन की योजनाओं से वंचित है उन्हें शासन की पूरी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### विधायक का किया सम्मान

क्षेत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का ग्रामीण द्वारा साफा बांधकर एवं फूलों की वर्षा कर ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। जिसमें उपस्थित जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह सिद्धि गंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धि गंजराजेंद्र धरवा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, रेवाराम पटवा, अशोक राठौर, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, मानसिंह पटेल इलाई, राजेंद्र सिंह ठाकुर पटेल, नीरज सोलंकी,रूप सिंह मालवीय देवकरण मालवीय नरबत सिंह बद्रीलाल, आत्माराम, हरिचरण,कमल आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जावर पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा

### आरोपियों को पंजाब से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल में आरोपियों की पतारशी कर गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं प्रवीण कुमार चढोकर एडीओपी आष्टा, आकाश अमलकर तत्कालीन एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर हेमन्त पांडे एवं तत्कालीन थाना प्रभारी नीता देअरवाल के नेतृत्व में थाना जावर पुलिस द्वारा आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 06 अक्टूबर को सूचनाकर्ता रवि पिता बालकिशन वर्मा उम्र 42 साल बडा बाजार आष्टा द्वारा इंडियन पेट्रोल पंप के पीछे मयूर झाला के खाली पडे मकान के पास हकीमपुर खोयरा मे एक मृत व्यक्ति की लाश पडी है के संबंध मे सूचना दिया था जिस पर से थाना जावर मे अज्ञात मृतक के संबंध मे मर्ग क्र 47/25 का पंजीबद्ध कर जाँच मे लिया गया था। मर्ग पंजीबद्ध होने के उपरान्त अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी हेतु घटना स्थल के आसपास व्यक्तियो से पुछताछ की गई जो हार्वेस्टर एजेन्ट अनिल ठाकुर निवासी खडी द्वारा मृतक के शर्ट से अज्ञात मृत शऱीर की कुछ पहचान हार्वेस्टर वाले मिट्टू सिंह के रूप में की थी।

बाद मृतक का पी एम करवाया जाकर पी एम रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें मृत शऱीर के सिर पर हार्ड एंड शार्प ऑब्जेक्ट की चोट आना बताया गया। मृतक व्यक्ति की पहचान हेतु मिट्टू सिंह के परिजनो से अज्ञात मृतक का डीएनए परीक्षण कराया गया जो डीएनए मेच होना पाया गया । मर्ग जाँच के दौरान मृतक आखरी बार हकीमपुर खोयरा के पास स्थित इंडियान पेट्रेल पंप के पास अपने दो साथियो के साथ दिखा था जिन पर संदेह होने पर मृतक के परिजनो के द्वारा उक्त दोनो व्यक्तियो की पहचान दिलप्रीत उर्फ दिलबर पिता कुलदीप एवं उसका साथी हेल्पर परमजीत उर्फ पम्मा पिता फौजा सिंह करिकलां गांव फिरोजपुर पंजाब के नाम से की गई जो उक्त दोनो व्यक्ति दिनाँक 17.09.25 से ही फरार होना पाया जाने पर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का पाया जाने से अप क्र 405/25 धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपीगण की तलाश हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिनके द्वारा पंजाब से आरोपीगण की तलाश कर गिरफ्तार किया गया है जिनसे पुछताछ कर आरोपीगण द्वारा घटना में प्रयुक्त हथियार , एवं हार्वेस्टर मशीन जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत उर्फ दिलप्रीत उर्फ दिल उर्फ दिलबर पिता कुलदीप सिंह उम्र 26 साल निवासी करिकंला थाना लख्खो के बहराम जिला फिरोजपुर पंजाब, परमजीत उर्फ पम्मा पिता फौजासिंह उम्र 38 साल निवासी करिकंला थाना लख्खो के बहराम जिला फिरोजपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जावर हेमन्त पांडे व तत्कालीन थाना प्रभारी नीता देअरवाल, उनि दिनेश सिंह, प्रआर सुरेश परमार, प्रआर सुनील वर्मा, आर राहुल, आर मनोज, आर हरिओम, आर अनिल, आर पवन एवं थाना जावर पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

# फाइनल मुकाबले में मॉर्निंग क्रिकेट टीम को हराकर गहलोत 11 टीम रही विजयी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

भगत सिंह राज्य स्तरीय खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन टूर्नामेंट में आसपास की कई बड़ी टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में जावर की टीम को हराकर सिद्दीकगंज की गहलोत 11 ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में गहलोत 11 टीम का मुकाबला मोर्निंग क्रिकेट क्लब टीम के साथ हुआ। जिसमें गहलोत 11 विजयी रही। टूर्नामेंट को देखने के लिए काफी भारी संख्या में दर्शक का जमावड़ा लग रहा है। टूर्नामेंट को विजेता टीम गहलोत 11 को प्रथम पुरुस्कार के रूप में 21000 रुपए क्षेत्र के सरपंचों द्वारा व ट्राफी वेदांश केयर हॉस्पिटल के द्वारा प्रदान की गयी। द्वितीय पुरुस्कार 11000 रुपए आयोजन समिति के द्वारा व ट्राफी अनिल सर की तरफ से मॉर्निंग क्रिकेट क्लब को प्रदान की। तृतीय पुरस्कार ट्राफी अजय गहलोत गनी भाई की तरफ से जावर टीम को दिया। टूर्नामेंट का आयोजन गांव के मॉर्निंग क्लब व राजेश पंडित, जितेन्द्र नरसिम्हा, सुरेन्द्र राठौर, गोल्डी श्रीवास्तव, निखिल गोस्वामी, अन्नू करोरिया, राहुल चौहान, गनी गहलोत, मदन गुणवान, जयदीप वैध, विकास वैध, कमल दुदी, आकाश खरतिया व साथी खिलाड़ी के द्वारा किया। टूर्नामेंट के फ़ाइनल में अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्दीकगंज, अमर सिंह चौहान सरपंच उमरदड, थाना प्रभारी राजू बघेल, सजन सरपंच गोविंदपुरा, धर्मेंद सरपंच कातला, राहुल बडगुजर सरपंच श्यामपुरा मगरदा,घीसुलाल जी दुदी, बद्रीप्रसाद गहलोत, डॉ संजय बडोलिया, डॉ बीएल गहरवाल, अनिल सर व अन्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथि द्वारा आयोजन समिति का इस पूरे आयोजन के लिए आभार व्यक्त करा व ग्राम के प्रतिभावान खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाया व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# शेख जमीअतुल अब्बास कमेटी का किया गठन, जहीर बने सदर





हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

रविवार को शेख़ जमीअतुल अब्बास अब्बासी बिरादरी सामाजिक संगठन, मध्यप्रदेश कमेटी के ज़ेर-ए-नज़र भोपाल संभाग के ज़िला सीहोर की श्यामपुर तहसील कमेटी का गठन किया गया। जिसको लेकर अहमदपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भोपाल संभाग के सदर जनाब अब्दुल रज्जाक शेख़ साहब की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से मोहतरमा असमा नसीर साहिबा, कमेटी के उपाध्यक्ष जनाब इकबाल पाकीज़ा जनाब इफ़्तिख़ार नसीर साहब, म.प्र. कमेटी के सचिव एवं ज़िला भोपाल सदर मोहम्मद अनीस अब्बासी साहब की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ज़िला सीहोर सदर जनाब अब्दुल करीम द्वारा ज़हीर अब्बासी को सर्वसम्मति से श्यामपुर तहसील का सदर नियुक्त किया गया। सभी आगंतुक ओहदेदारों एवं सदस्यों का साफ़ा बाँधकर एवं हार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में श्यामपुर तहसील के अंतर्गत अहमदपुर, दोराहा, शंकरपुरा एवं श्यामपुर से अब्बासी बिरादरी के सदस्य एक मंच पर एकत्रित हुए। साथ ही ज़िला सीहोर, के आष्टा तहसील, भोपाल, इंदौर से पधारे ओहदेदारों एवं सदस्यों ने अहमदपुर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### युवराज और रोहित मालवीय का किया सम्मान

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के माध्यम से खेलने वाले खिलाड़ियों ने गत दिनों राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपला संभाग की ओर से खेलते हुए अपनी टीम को गोल्ड मेडल दिलाया है। संभाग की टीम ने खेलो एमपी राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाफ फाइनल में प्रथम स्थान किया है। इसमें शहर के युवराज कन्नोजिया और रोहित मालवीय की अहम भूमिका है। दोनों खिलाड़ियों को खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सम्मान किया। इस मौके पर फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि मौजूद थे।

# घायलों को सड़क पर देख पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जब सीहोर से आष्टा की ओर आ रहे थे, तभी पखनी जोड़ पर आष्टा आ रहे हैं रामरतन वर्मा अपनी पत्नी के साथ बाइक से सेवदा जा रहे थे तभी किसी बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें पखनी निवासी रामरतन की पत्नि गिर गई और घायल हो गई। बाइक सवार उक्त महिला सड़क पर घायल अवस्था में नजर आने पर विधायक ने अपना वाहन रुकवाया तथा घायलों के पास पहुंचकर जानकारी ली। एक अन्य वाहन की व्यवस्था कर घायल महिला को उचित इलाज हेतु सिविल अस्पताल आष्टा पहुचाया। बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर को फोन लगाकर जानकारी दी तथा निर्देश दिए कि आ रहे घायलों का समुचित इलाज किया जाए ।

### प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत लगा जांच शिविर

# शिविर में 200 गभवर्ती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल आष्टा स्थित पैथोलॉजी लैब में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लगभग 200 गर्भवती महिलाओं और अन्य महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं व महिलाओं के स्वास्थ्य की समय पर जांच कर संभावित जोखिमों की पहचान करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाना रहा। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, रक्तचाप सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं, जिससे महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की स्थिति की सही जानकारी मिल सकी।शिविर का संचालन डॉ. अमित माथुर के नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ सेवाएं दीं। इस अवसर पर ज्योति मित्तल, रविकांत मालवीय, अज़ली खान, महेश चंदेल, रानू रॉय, अजय श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा, शुभम गोस्वामी एवं देवेंद्र मेवाड़ा का विशेष योगदान रहा।शिविर में जांच कराने आई महिलाओं ने इस पहल की खुलकर सराहना की। गर्भवती महिला सुनीता यादव ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी जरूरी जांचें हो जाने से बहुत सुविधा मिली और डॉक्टरों ने अच्छे से समझाकर सलाह दी। समय पर जांच होने से अपनी और होने वाले बच्चे की सेहत को लेकर संतोष मिला है। ऐसे शिविर लगातार होते रहना चाहिए। एक अन्य महिला कमलेश बाई ने कहा कि "सरकारी अस्पताल में इतनी अच्छी व्यवस्था और परामर्श मिलना बड़ी राहत है, इससे महिलाओं का भरोसा बढ़ता है। स्वास्थ्य विभाग व शिविर में कार्यरत समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

# नर्मदा यात्रियों का किया स्वागत, सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

परमार समाज के श्रद्धालु बंधुओं द्वारा की गई पैदल नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर सकुशल वापसी पर स्वागत समारोह आयोजित किया। यह आयोजन समाज की आस्था, संयम और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहन प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बना। यात्रियों लखनलाल परमार, रूपनारायण परमार, शिवनारायण परमार, गुलाब सिंह परमार, रमेश चंद्र, हरिप्रसाद परमार ने तीन हजार किलोमीटर से अधिक की नर्मदा पैदल परिक्रमा की इस गरिमामय समारोह में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक्जीक्यूटिव मेंबर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता परमार समाज के वयोवृद्ध एवं मार्गदर्शक नेता रामनारायण परमार ने की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन सहनशीलता और सेवा भाव से जोड़ने की साधना है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा आत्मशुद्धि के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करती है।